Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding alleged theft of Coal in Jharkhand-laid.

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): हमारा झारखंड राज्य कोयला समृद्ध है किन्तु अब यहाँ कोयला चोरी की घटनाएं आम बातहो गई हैं । मैं राज्य के सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में से एक को संरक्षित करने में राज्य सरकार की कथित विफलता और निष्क्रियता की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । झारखंड में काम कर रहीं कोयला खनन कंपनियां खनन स्थलों से और परिचालन के दौरान लगातार होने वाली कोयला चोरी की घटनाओं से पीड़ित रही हैं । अकेले 2019-20 में, इन कंपनियों द्वारा झारखंड में 100 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं, जो कोयला चोरी के मामलों की गंभीरता को दर्शाता है ।

पिछले 3 वर्षों में, 2017 और 2020 के बीच, छापे से बरामद कोयले की मात्रा में 15% की

वृद्धि हुई है । चोरी में बरामद होने वाले कोयले का मूल्य ₹12 करोड़ से अधिक है । कोयले की चोरी से राज्य को महत्वपूर्ण संसाधनों का और खनन कंपनियों को भारी राजस्व का नुकसान हुआ है । एक तरफ़ केंद्र सरकार द्वारा CMSMS के रूप में कोयला चोरी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं । किंतु दूसरी ओर झारखंड सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मुद्दे को हल करने के लिए अपनी ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया है ।